Need to promote employment-oriented skill development schemes in rural areas of the country-Laid

श्री राहुल कस्वां (चुरू): भारत विश्व का सबसे युवा देश है, किन्तु ग्रामीण क्षेत्रों के करोड़ों युवा उच्च शिक्षा, तकनीकी योग्यता एवं कौशल प्राप्त करने के बावजूद रोजगार, उद्यमिता तथा कृषि आधारित आय के पर्याप्त अवसरों से वंचित हैं । स्थानीय स्तर पर उद्योगों, आधुनिक कौशल प्रशिक्षण, अप्रेंटिसशिप एवं वित्तीय सहायता के अभाव में बड़ी संख्या में युवा रोजगार की तलाश में महानगरों की ओर पलायन कर रहे हैं । इससे एक ओर ग्रामीण अर्थव्यवस्था कमजोर हो रही है, वहीं दूसरी ओर कृषि क्षेत्र में नवाचार, तकनीक एवं युवाओं की भागीदारी भी निरंतर घट रही है । अतः सरकार से अनुरोध है कि ग्रामीण युवाओं के समग्र विकास हेतु राष्ट्रीय ग्रामीण युवा अवसर एवं कृषि उद्यमिता मिशन प्रारंभ किया जाए । इस मिशन के अंतर्गत प्रत्येक जिले में आधुनिक कौशल विकास एवं डिजिटल प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएँ, उद्योगों के सहयोग से सवेतन अप्रेंटिसशिप कार्यक्रम संचालित किए जाएँ तथा कृषि, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, खाद्य प्रसंस्करण, एग्री-टेक एवं कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन आधारित स्टार्टअप्स को वित्तीय, तकनीकी एवं विपणन सहायता प्रदान की जाए । साथ ही स्थानीय संसाधनों एवं कृषि उत्पादों पर आधारित रोजगार क्लस्टर विकसित किए जाएँ, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में ही सम्मानजनक रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर सृजित हों ।